दिनांक-04.12.2024 समय-7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-पिछले 10 वर्षों में सरकार ने दिव्यांगजनों की प्रगति के लिए एक मजबूत नींव रखी है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज संबल योजना के अंतर्गत 225 करोड़ रुपए की सहायता राशि करेंगे वितरित।
- प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाने से ठण्ड से मिली राहत, वहीँ, बर्फीली हवाओं की वजह से ठिठुरे ग्वालियर-चंबल।
- भारत जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में, आज पाकिस्तान से होगा मुकाबला।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-दिव्यांगजन लेख

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिव्यांगजनों के साहस, आत्मविश्वास और उपलब्धियों के आगे नतमस्तक विशेष अवसर है। एक लेख में श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने दिव्यांगजनों की प्रगति के लिए एक मजबूत नींव रखी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संबंध में कई नीतियां बनाई गई हैं और कई निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल में दिव्यांगजनों के कल्याण पर खर्च होने वाली राशि तीन गुना बढाई गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दिव्यांगजन शिक्षा हो, खेल हो या स्टार्टअप, दिव्यांगजन सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं।

संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10 हजार 236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को सहायता राशि 225 करोड़ रुपए वितरित करेंगे। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। संबल योजना में सभी योजनाओं जैसे अंत्येष्टी सहायता, मृत्यु अथवा दिव्यांगता पर अनुग्रह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत, राशन पर्ची आदि का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 73 लाख श्रमिकों का संबल 2.0 योजना के अंतर्गत पंजीयन किया जा चुका है।

प्रदेश पर्यटन

केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर यह राशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने कहा कि इससे ओरछा और भोपाल में पर्यटन सुविधाओं में सुधार किया जायेगा।

दिव्यांगजन दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 11 बजे से सामाजिक न्याय दिव्यांग जन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा। यह कार्यक्रम भोपाल में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के एडिटोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

दिव्यांगजनों पहल

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में देश भर में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए 16 पहलों की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रयास, समग्र समाज के निर्माण की दिशा में सरकार के दृढ संकल्प को दर्शाता है। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने यह भी कहा कि इन पहलों का उद्देश्य सरकार द्वारा प्रत्येक दिव्यांग जन को समान अवसर प्रदान करना और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनो के अधिकारों और उनके गौरव के प्रति

दृढ संकल्प है। शुरू की गई महत्वपूर्ण पहलों में ''कदम नी ज्वाइंट'', कामयाबी की राह -तीसरा भाग, सुगम्य भारत अभियान और द ब्रेल बुक पोर्टल शामिल हैं।

भोपाल गैस त्रासदी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भोपाल गैस त्रासदी के चालीस वर्ष : सबक, चुनौती और संभावनाएं विषय पर कल एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में नीति निर्माताओं, सुरक्षा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के अनुभवी लोगों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य भोपाल गैस त्रासदी के दीर्घकालिक प्रभावों पर चिंतन करना और भारत में औद्योगिक और रासायनिक सुरक्षा की स्थिति का मूल्यांकन करना था। कार्यशाला के मुख्य विषयों में भोपाल त्रासदी का एतिहासिक परिप्रेक्ष्य, सुरक्षा नियमों पर इसका प्रभाव, भारत में नियामक और नीति ढांचे का विकास, तकनीकी प्रगति और सामुदायिक भागीदारी शामिल थे।

मुख्यमंत्री - नक्सल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर जन-प्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कल एक बैठक की। उन्होंने आईजी संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा जिले में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के उद्देश्य से तैयार की गई योजना का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाई जाये। उन्होंने नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए मुखबिर व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये।

पीएम आवास-अनूपपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। अनूपपुर में भी सर्दी, गर्मी और बारिश के दिनों में जहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था वहीं अब पक्के घर बन जाने से इन लोगों को विभिन्न मौसमों में होने वाली कई परेशानियों से निजात मिली है। जिला पंचायत अनूपपुर में स्वीकृत 51 हजार 831 आवासों में से 50 हजार 795 आवास पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंपे जा चुके हैं। जिला पंचायत अनूपपुर सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि आवास प्लस योजना के तहत बीपीएल परिवारों को मिलने वाले 11 हजार 203 मकानों मे से 6 हजार 695 मकान पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंप दिये गये हैं।

टंट्या मामा बलिदान दिवस

क्रांतिसूर्य टंट्या मामा का आज बलिदान दिवस है। क्रांतिकारी टंट्या भील जनजातीय समुदाय में टंट्या मामा और भारतीय रॉबिनहुड के रूप में जाने जाते हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख योद्धा थे। ब्रिटिश सरकार द्वारा 4 दिसंबर 1889 को उन्हें गिरफ्तार कर जबलपुर में फांसी दी गई थी। टंट्या मामा का जन्म 26 जनवरी 1842 को मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के पंधाना में हुआ था। उनकी समाधि पातालपानी में स्थापित है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने टंट्या मामा के 135वें बलिदान दिवस पर उनका पुण्य-स्मरण किया है।

मौसम

प्रदेश में इस समय 'फेंगल' तूफान की वजह से बादल छाए हुए हैं वहीँ, बर्फीली हवाओं की वजह से ग्वालियर-चंबल ठिठुर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन तक बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश के आसार नहीं है। प्रदेश के कई शहरों में रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। भोपाल में 4.3 डिग्री और इंदौर में 3.3 डिग्री तक तापमान बढ़ गया। वहीँ, प्रदेश में इस बार 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर आ सकता है जो जनवरी तक बना रहेगा। इस दौरान सर्द हवाएं चलेंगी।

हॉकी जूनियर एशिया कप

ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप हॉकी में वर्तमान चैम्पियन भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत की ओर से दिलराज सिंह, रोहित और शारदानंद तिवारी ने गोल किये। आज फाइनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में जापान को 4-2 से हराया है।

उधर नई दिल्ली में 20वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत ने पहले मैच में हांगकांग चीन को 31-28 से हराया दिया है। भारत पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में आज से हीरों की नीलामी शुरू होगी जो आगामी तीन दिनों तक चलेगी। नीलामी मे कुल 127 हीरे रखें जाएंगे। जिनकी अनुमानित कीमत साढ़े चार करोड़ बताई गई।
- नर्मदापुरम जिले में विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एसएनजी स्कूल परिसर में हुआ।
- खरगौन में आयोजित रोजगार मेले में 09 कंपनियो द्वारा 148 युवाओं का चयन किया गया।
- सतना जिले में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को तथा मैहर जिले में प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार को जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार दिवस का आयोजन किया जायेगा।
- नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 43 में 1 करोड़ 2 लाख की लागत के कार्य का भूमि पूजन किया गया ।
- वन स्टॉप सेंटर "सखी" डिंडोरी द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला नेवसा एवं उच्चतर माध्यमिक शाला नेवसा में महिलाओं एवं बच्चियों को जेंडर समानता और बाल विवाह के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- श्योपुर मंडी में धान विक्रय के लिए प्रतिदिन 300 से 400 के बीच ट्रॉलियां आ रही है, जिनकी नीलामी भी प्रतिदिन कराई जा रही है।
- छतरपुर में 15 स्वावलंबी बने दिव्यांगों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही एडिप योजना के तहत सहायक उपकरण भी वितरित किये गए।

मुरैना में शासकीय कलापथक दल द्वारा जौरा में विगत दिवस एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलापथक दल द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई।

...................................